तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026



11 नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख 20 हजार...





12 पालिका में कमीशनखोरी का आरोप अध्यक्ष का...






## खबर संक्षेप

### बौद्ध संघ ने अंबेडकर जयंती मनाने का लिया निर्णय



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय के नगर में बौद्ध महार समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ, जिसमें समाज का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही समाज के विकास और उत्थान के लिए चर्चा की गई। इस दौरान सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनायी जायेगी। बैठक मे जिलाध्यक्ष दीपक कुमार मेश्राम, उपाध्यक्ष शिव तिरपुड़े, महासचिव खिलेन्द्र कुटारे, सदस्य मुकेश रामटेके, शिवखापर्डे, नारद मेश्राम, दिनेश वैद्ये, अनुज कुटारे, त्रिभुवन वासनीकर, महेश बाम्बोड़े, ललित मोहन, नीरज चोखन्द्रे, विजय लक्ष्मी सुकदेवे, रूपाली कुटारे, मोहना बाई, दिनेश मेश्राम, टीकम मेश्राम, देवीसिंह, खन्ना रामटेके, शोभा रामटेके, केशर बाम्बोड़े, सुलोचना तिरपुड़े, तिजिया बाई, सीता बाई, लीलाबाई, गीता बाम्बोड़े, ईश्वरी बाम्बोड़े एवं बड़ी संख्या में बौद्ध महार समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार महतारी वंदन के नाम पर महिलाओं को धोखा दे रही है : अमितेश

**फिंगेश्वर।** पूर्व मंत्री पंचायत अमितेश शुक्ल ने कहा कि महतारी



वंदन योजना में पिछले 2 साल से भी केवाईसी के नाम पर 5 लाख से अधिक महिलाओं का नाम सूची से काटने का काम किया गया है, लेकिन छुटे हुए पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने के लिए फॉर्म नहीं भराया जा रहा है। अभी तक इसके लिए सरकार की कोई नीति दिखाई नहीं दे रही है। भाजपा सरकार महिलाओं को धोखा दे रही है। उक्त बातें पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कही। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा का वादा था कि प्रत्येक विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन जैसे ही सरकार बनी है वैसे ही विभिन्न प्रकार के नियम कानून ले आते हैं। प्रदेशभर में लगभग डेढ़ करोड़ महिलाएं विवाहित होंगी। उसमें से करीबन 1 करोड़ महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना था। महतारी वंदन योजना के प्रथम चरण में सरकार दावा करती थी कि 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, लेकिन लगातार ई केवाईसी के नाम पर महिलाओं का नाम काटने का प्रक्रिया चल रही है, लेकिन पिछले 2 साल में एक बार भी पात्र महिलाओं से महतारी वंदन योजना में नाम जोड़ने के लिए आवेदन नहीं मंगा रहे हैं।

# राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है भाजपा, लोहरसी में बस्ती चलो अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा



भाजपा के स्थापना दिवस पर बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत कोपरा मंडल के लोहरसी शक्ति केंद्र में बूथ कमेटी की बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर प्रत्येक घर तक संपर्क बढ़ाने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है। बस्ती चलो अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण और निरंतर जनसंपर्क ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है।जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क करें तथा लोगों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान हेतु प्रयास करें। मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही प्रारंभ होती है। बस्ती चलो अभियान हमें आम जनता से सीधे जुड़ने और उनके विश्वास को मजबूत करने का अवसर देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ इस अभियान को सफल बनाएं।

इस अवसर पर दीपक साहू द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम में सघन भ्रमण कर लाभार्थियों से संपर्क किया गया, उनसे योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया गया तथा उन्हें विभिन्न ▸▸|शेष पेज 10 पर

## उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व की टीम का बड़ा एक्शन

# इंस्टाग्राम रील ने भेजा जेल, 9 दुर्लभ गिलहरियों के शिकार का खुला राज, शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर/गरियाबंद



वन्यजीव तस्करी और शिकार के खिलाफ आज वन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए दंतेवाड़ा जिले में संयुक्त टीम ने दबिस देकर 9 भारतीय विशाल गिलहरियों के शिकार मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- दंतेवाड़ा से पकड़ाया आरोपी, घर से भालू की खाल और फंदे बरामद, फरार शिकारियों पर कड़ी नजर

युवक को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब, वन विभाग की संयुक्त टीम ने इंस्टाग्राम रिल्स का पीछा करते हुए युवक के घर तक पहुंची। युवक को अंदाजा तक नहीं था कि जिस रिल्स वीडियों को वह फेमस होने के लिए अपने इंस्टाग्राम में पोस्ट कर रहा है, वहीं उसके लिए जी का जंजाल बन जायेगी।

मामले का खुलासा तब हुआ जब ओडिशा वन कर्मचारियों को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो रील मिली, जिसमें दो लोग दुर्लभ भारतीय विशाल गिलहरियों के साथ नजर आ रहे थे। यह प्रजाति वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत अनुसूची–1 में संरक्षित है, जिसके बाद तुरंत एक्शन लेते हुए उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व की एंटी–पोचिंग टीम, राज्य फ्लाइंग स्क्वाड और दंतेवाड़ा वन विभाग की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की।

इंस्टाग्राम रील्स की लोकेशन ट्रैक कर 8 अप्रैल को बारसूर क्षेत्र से आरोपी बंशीराम कोवासी को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से स्लॉथ भालू की खाल और शिकार में इस्तेमाल होने वाले फंदे भी बरामद किए गए। शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी झाड़ी–मांस (बुश मीट) के लिए वन्यजीवों का शिकार करता था। अन्य फरार आरोपियों पर नजर रखी जा रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक भारतीय विशाल गिलहरी जंगलों के लिए बेहद अहम प्रजाति है, जो बीज फैलाकर पेड़ों के पुनर्जनन में मदद करती है इसकी मौजूदगी स्वस्थ वन तंत्र का संकेत मानी जाती है। वन विभाग ने साफ किया है कि अवैध शिकार और वन्यजीव तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और आम लोगों से भी ऐसी गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है। गरियाबंद पुलिस का इनपुट भी मामले को सुलझाने में मददगार रहा। विभाग अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 को सख्ती से लागू करने की पुष्टि करता है और जनता से ऐसी गतिविधियों की रिपोर्ट करने का आग्रह किया है।

# नपा के सफाई कर्मचारी की थाने में बेदम पिटाई, हाथ फ्रैक्चर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

बुधवार को नगर पालिका के एक सफाई कर्मचारी के साथ थाने में एक सिपाही द्वारा मारपीट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस मारपीट में सफाईकर्मी का हाथ फ्रैक्चर होना बताया जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस ने न केवल आक्रामक रूख अपनाया बल्कि थाना पहुंचकर नारेबाजी करते हुए उक्त सिपाही के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की है।

- कांग्रेसी पहुंचे थाना, सिपाही के खिलाफ कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

जानकारी के मुताबिक नगर पालिका के सफाई कर्मचारी जुगे माचखंड को थाना ले जाकर यहां पदस्थ आरक्षक हुलास साहू ने जमकर मारपीट की है, जिससे सफाई कर्मी का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। बताया गया है कि मंगलवार सुबह आरक्षक हुलास साहू पीड़ित को नाली सफाई के बहाने थाने लेकर आया था। इसी दौरान चोरी की एक घटना के संबंध में पूछताछ करते हुए उसके साथ मारपीट की गई। परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के नाम पर बेरहमी से उसकी पिटाई की गई, जिससे जुगे माचखंड गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के परिजन, मोहल्ले के लोग एवं नगर पालिका के अन्य सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में पीड़ित के साथ थाना पहुंचे और दोषी आरक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष रामा यादव के नेतृत्व में नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी,पार्षद रामरतन निषाद, अजय साहू, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे, फागुराम देवांगन, वीरेंद्र राजपूत, कांग्रेस पार्षद ने थाने पहुंचकर आरोपी आरक्षक के खिलाफ ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने कहा कि आम जनता और कर्मचारियों के साथ इस तरह की मारपीट बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पुलिसकर्मी पर तत्काल ▸▸|शेष पेज 10 पर

# बरोंडा में 3 चेन माऊंटेन और 1 हाईवा जब्त, माइनिंग विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद/राजिम

जिले में रेत माफियाओं पर खनिज विभाग ने तगड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कारोबार की कमर तोड़ दी है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके के सख्त निर्देश और मार्गदर्शन में चल रही कार्रवाई के तहत खनिज विभाग ने बड़ी दबिश दी।

- जिला प्रशासन ने की कार्रवाई, बरौंडा-चौबेबांधा में दबिश

सहायक खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर ने बताया कि टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 चैन माउंटेन और 1 रेत से भरी हाईवा जब्त की है। खनिज विभाग की टीम ने बरौंडा क्षेत्र से 2 चैन माउंटेन जब्त किया, वही चौबेबांधा से 1 चैन माउंटेन पकड़ी गई है। सभी 3 चैन माउंटेन को पाण्डुका थाना में खड़ा कराया गया है। रेत से भरी हाईवा को राजिम थाने में जब्त कर रखा गया है।

खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रेत के कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा है। लगातार हो रही सख्ती से साफ संकेत है कि अब अवैध रेत कारोबार पर शिकंजा और कसने वाला है।

## 15 लीटर शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल, नशे के विरूद्ध थाना छुरा पुलिस की कार्रवाई

**छुरा।** अलग-अलग दो प्रकरण में 15 लीटर 120 एमएल देशी मंदिरा मसाला एवं प्लेन पौवा बिक्री करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में अवैध रूप से शराब बनाने बेचने एवं पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले लोगों पर लगाम लगाने के लिए थाना छुरा के स्टाफ द्वारा धर पकड़ की कार्रवाई है।

अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले दो व्यक्ति के खिलाफ दो प्रकरण धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपियों के कब्जे से 15 लीटर अवैध देशी मंदिरा प्लेन व मसाला शराब एवं परिवहन कर रहने मोटर सायकिल को पकड़ा गया। आरोपियों का कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करने पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# दुलना महानदी पर अवैध रपटे तोड़े, वसूली नाका ध्वस्त

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत दुलना में महानदी पर अवैध वसूली नाका चलाने वाले गिरोह पर प्रशासन ने तगड़ी छापेमारी की है। उच्च अधिकारियों को प्राप्त शिकायत के आधार पर तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर ने तुरंत छापामार कार्रवाई शुरू की। उन्होंने प्रकरण तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम अभनपुर को सौंपा। एसडीएम अभनपुर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लिखित आदेश जारी किया। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि महानदी में बने सभी अवैध रपटे रास्ते तोड़ दिए जाएं और वसूली नाका में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इस आदेश के परिपालन में बुधवार को प्रशासन की टीम ने दुलना महानदी में बने अवैध रपटों को तोड़ दिया। साथ ही अवैध वसूली नाका की झोपड़ी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, इस अवैध वसूली नाका में ग्राम विकास समिति के कुछ सदस्यों की भी संलिप्तता सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। शाम तक वसूली नाका में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। यह कार्रवाई महानदी के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने और आम नागरिकों से जबरन वसूली करने वाले तत्वों के खिलाफ प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति का उदाहरण है। कार्रवाई में तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर



के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक मायाराम साहू, पटवारी नंदू साहू, ग्राम पंचायत सरपंच सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया। टीम ने बिना किसी भेदभाव के अवैध निर्माण को हटाया और कानून का सख्ती से पालन किया। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। बताया कि लंबे समय से महानदी पर अवैध रपटा बनाकर वाहनों से पैसे वसूले जा रहे थे, जिससे न केवल आमजन परेशान थे बल्कि नदी का पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा था। प्रशासन की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से ग्रामीणों में भरोसा बढ़ा है।

## अधिकांश दुकानों में अप्रैल का कोटा, अधिकारी मई का आवंटन जारी होने का दे रहे हवाला

# राशन दुकानों में नहीं पहुंचा चावल, कैसे मनेगा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा



शासन द्वारा सभी राशन दुकानों में 7 अप्रैल को चावल उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, जिसके तहत सभी राशन कार्डधारी को अप्रैल, मई जून 3 महीने का राशन एक साथ प्रदान किया जाना है। इसी को लेकर चावल उत्सव मनाया जाना है, किंतु सबसे बड़े विडंबना है कि किसी भी राशन दुकान में अब तक अप्रैल का ही राशन पहुंचा है और मई और जून का राशन अब तक नहीं पहुंचा है, तो इसमें कैसे चावल उत्सव होगा।कैसे लोगों को एक साथ 3 महीने का राशन दिया जाएगा, यह एक सोचनीय विषय है। सबसे महत्वपूर्ण बातें है कि शासन में बैठे जिम्मेदार प्रतिनिधि हो चाहे अधिकारी हो आखिर किस आधार पर यह कह रहे हैं कि सभी हितग्राहियों को 3 महीने का चावल दिया जाएगा। जबकि धरातल पर यह है कि अधिकांश राशन दुकानों के पास खुद के भवन नहीं है। खुद के भवन है, उसके पास दुकान नहीं है और दुकान है तो उनके पास गोदाम नहीं है। इस प्रकार की समस्याओं से राशन दुकान ऐसे ही समस्याओं से ग्रसित है। उसके ऊपर से अगर उसे 3 माह का राशन दिया भी जाए तो उनके पास रखने की जगह नहीं है। हितग्राही पूरी तैयारी से 3 माह का चावल लेने आ रहे हैं, किंतु उन्हें पता चल रहा है कि उन्हें सिर्फ अप्रैल का ही चावल मिल रहा है और मई जून का चावल तो अभी राशन दुकानों में नहीं पहुंचा है तो फिर हितग्राही तक कैसे पहुंचेगा?

प्राप्त जानकारी के अनुसार मई का चावल अब राशन दुकानों में जाना चालू हुआ है और जून का तो अभी चालू ही नहीं हुआ है अब सबसे गंभीर समस्या राशन दुकान के संचालकों के साथ है कि सभी हितग्राही उन्हें 3 महीने का चावल मांग रहे हैं, जबकि उनके पास सिर्फ चावल अप्रैल महीने का ही उपलब्ध है।

इस संबंध में गरियाबंद के डिपो इनचार्ज राजेंद्र कुमार साहू ने कहा कि लगभग 75 राशन दुकान क्षेत्र में जिसे अब तक सिर्फ अप्रैल का ही चावल दिया गया है और अब 6, 7 तारीख के बाद मई का चावल जाना प्रारंभ हुआ है और सभी राशन दुकानों में जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के चावल गोदाम के रूप में उपयोग करें और अभी जून महीने का चावल देना प्रारंभ भी नहीं हुआ है, क्योंकि जो गाड़ियां है वह भी मई का चावल को ही राशन दुकानों तक पहुंचा रहे हैं।


WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में युवक की हुई मौत

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में बैंगनडीह मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन चालक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि 07 अप्रैल को हितेश कुंवर पिता रामप्रसाद कुंवर (25 साल) केसरपुर थाना बसना ने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केसी 6664 से ड्यूटी पर टोल नाका छुईपाली जा रहा था, इसी दौरान मेन रोड एनएच 53 बैंगनडीह मोड़ के पास सामने आ रही बिना नंबर बजाज डिस्कवर 125 मोटर सायकल के चालक ने हितेश की बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में धारा 106 (1) बीएनएस, 184 एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### दो सट्टेबाज गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा के बस स्टैंड से पुलिस ने दो सट्टेबाजों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बस स्टैं ड बागबाहरा में नीरज सोनी सट्टा पट्टी नामक जुआ लिख रहा है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2000 नगद, मोबाइल को जब्त किया है। इसी तरह दूसरे मामले में पुलिस ने बस स्टैंड से ही जयेश साहू पिता खुशीराम साहू के कब्जे से 1800 रुपए नगद मोबाइल जब्त किया है।

### जुआ खेलते 9 जुआरी पकड़े गए, सवा लाख से अधिक का सामान जब्त

**महासमुंद।** रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे आरोपियों को पुलिस घेराबंदी कर धर दबोचा। भंवरपुर पुलिसने ग्राम बनडबरी के पास जुआ खेलते हुए 9 व्यक्तियों पर कार्रवाई की। इनके पास से नकद राशि, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल सहित कुल 1,36,300 रुपए की संपत्ति बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को भंवरपुर चौकी (थाना बसना) को मुखबिर के जरिए गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम बनडबरी से संतपाली जाने वाले कच्चे रास्ते पर नीम के पेड़ के नीचे कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। पुलिस की अचानक छापेमारी से वहां भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर मौके से 9 जुआरियों को धर दबोचा।

जब्त की गई संपत्ति

पुलिस ने आरोपियों के पास से और जुए के फड़ से सामग्री जब्त की है जिसमें नकद राशि 12,300 रुपए, 8 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 30,000 रुपए, 6 नग पुरानी मोटरसाइकिल कीमत लगभग 94,000 रुपए, 52 पत्ती ताश और बैठने के लिए उपयोग की गई प्लास्टिक की बोरी।

## पेज 9 के शेष

### राष्ट्र सेवा का सशक्त...

शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ और संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, बूथ अध्यक्ष पूरन साहू बूथ अध्यक्ष दिलीप शर्मा, धनीराम साहू ग्राम पटीला, लाला साहू कसेरुडीह, सोहन साहू लोहरसी, दीपक साहू प्रदेश युवा, मोर्चा, पूर्व जनपद सदस्य पोखन साहू, बेदराम साहू, लोकेश साहू सहसपुर, ओमकार साहू बहरापाल, टीकू साहू, चुम्मन यादव, दिलीप साहू, मुकेश ध्रुव, मिलाप साहू, विक्रम साहू, यमुना निषाद, मौजूद थे।

### नपा के सफाई कर्मचारी...

सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। चेतावनी दिया है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से मामले की जांच किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक आरोपी आरक्षक पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग तेज होती जा रही है।

# भीषण गर्मी में हरी सब्जियों की बहार, मंडियों में दिखी हरियाली

## इंदिरा मार्केट में खरीदारी के लिए सुबह से लग रही भीड़, टमाटर की भी हो रही भरपूर आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

एक ओर जहां अप्रैल की तपती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में हरी-भरी सब्जियों की भरपूर आवक ने बाजारों में ताजगी घोल दी है। गर्म हवाओं के बीच भी यहां की मंडियों में हरियाली की बहार देखने को मिल रही है, जिससे न केवल बाजार गुलजार हैं बल्कि आम लोगों को भी राहत मिल रही है।

नवापारा और राजिम दोनों जगहों पर लगने वाली सब्जी मंडियां इन दिनों पूरी तरह ताजगी से भरी हैं। आसपास के गांवों और नदी के कछार क्षेत्रों में उगाई गई ताजा सब्जियां सीधे इन मंडियों तक पहुंच रही हैं। खेतों से ताजी तोड़ी गई सब्जियों की आवक इतनी अधिक है कि हर दिन मंडी रंग-बिरंगी





### दाम सामान्य स्तर पर रहने से राहत

सबसे राहत की बात यह है कि अधिक आवक के चलते सब्जियों के दाम सामान्य स्तर पर बने हुए हैं। यही वजह है कि आम लोगों की जेब पर ज्यादा भार नहीं पड़ रहा है। दोनो मंडियो से सब्जी खरीदकर इंदिरा मार्केट में पसरा लगाया जाता है जहां सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो जाता है। करीब साढ़े आठ-नौ बजे से लेकर दोपहर एक-डेढ़ बजे तक यहां लोगों की भीड़ झोला लेकर सब्जियां खरीदते नजर आती है। सब्जियों की अच्छी पैदावार और नियमित बिक्री से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। वहीं फुटकर व्यवसायी भी मंडी से सस्ती दरों पर सब्जी खरीदकर मोहल्लों में बेच रहे हैं।

उपज से भर जाती है। मंडी में इन दिनों हरी सब्जियों की लंबी श्रृंखला देखने को मिल रही है। खासतौर पर भाजी की कई किस्मे मसलन चेच भाजी, लाल भाजी, चौलाई भाजी, कांदा भाजी, करमत्ता भाजी ,गोभी, देसी मुनगा, सफेद भटा, बैगनी भटा, कुंदरू,करेला, कोचई ,तोरई, लौकी, कुम्हड़ा,बरबट्टी, मूली जैसी सब्जियां बड़ी मात्रा में आ रही हैं। मिर्च के शौकीनों के लिए देसी बुलेट मिर्चा और पतली हरी मिर्च भी बाजार में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। टमाटर की भी भरपूर आवक है, जिसकी कीमत संतुलित बनी हुई हैं। हरी पत्ती धनिया और फर वाली धनिया की खुशबू से पूरा बाजार महक रहा है। जैसे ही ग्राहक मंडी में प्रवेश करते हैं, ताजगी और सुगंध का एहसास उन्हें अपनी ओर खींच लेता है।

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन प्रांतीय महासभा की बैठक में शामिल हुए विधायक पुरंदर मिश्रा

# पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना की मांग हुई बुलंद, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा रायपुर में प्रांतीय महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधानसभा विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। इस महासभा में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों और शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति से पेंशन की एक सूत्रीय मांग को लेकर हुंकार भरी, जिसे लेकर विधायक ने आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि वे पेंशन संबंधी इन जायज मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। उन्होंने शीघ्र ही एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का भी भरोसा दिलाया।

प्रमुख मांगें और बिंदु–प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने मुख्य अतिथि को मांग पत्र सौंपते हुए सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों की जीरो पेंशन व्यवस्था की व्यथा साझा की। मांग पत्र में –प्रथम नियुक्ति से गणना– वर्तमान में पेंशन हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन तिथि (1 जुलाई 2018) से की जा रही है, जिससे 2028 से पहले





सेवानिवृत्त होने वाले एलबी संवर्ग के शिक्षक पुरानी पेंशन से वंचित हो रहे हैं। अतः पुरानी पेंशन के लिए पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) की गणना की जाए। 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन–भारत सरकार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत) का प्रावधान किया जाए। शिक्षकों की सेवा अवधि 65 वर्ष तक किए जाने, प्रदेश भर के शिक्षकों को क्रमोन्नति/समयमान वेतनमान प्रदान करने, प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल,शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल के पदों पर पदोन्नति करने, विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने, विभागीय डीएड व बीएड परीक्षा की व्यवस्था करने की मांगों पर कार्ययोजना बनाते हुए विशेष मंथन प्रदेश भर के प्रांतीय पदाधिकारी,जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष,पदाधिकारी व संकुल पदाधिकारी ने की है।

बैठक में महासभा में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश व जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ और आईटी सेल के सदस्य उपस्थित थे। जिला गरियाबंद से प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, प्रदेश सहसचिव विनोद सिन्हा, आईटी सेल गिरीश शर्मा, जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर जिला पदाधिकारी भुवन यदु, सुरेशकेला, ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू, जितेन्द्र सोनवानी, संतोष साहू, धवलेश्वर बेहरा, सचिव संजय यादव, किरण साहू, महेन्द्र प्रधान, किरण साहू, जमशीर कुरैशी, दिनेश निर्मलकर, हरिश्चन्द्र यदु, रायबल सोरी, खगेश नागेश, डगेश्वर ध्रुव, बल राम बंजारे, कृपाराम बघेल, राजेश साहू, मानिक साहू, चेतन धुरव, कमल किशोर ध्रुव सहित सैकड़ों पदाधिकारी शामिल थे।



# नक्सलमुक्त क्षेत्र दर्रीपारा पहुंचे भाजपाई ग्रामीणों ने योजनाओं पर जताई संतुष्टि

**गरियाबंद।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने नक्सल प्रभावित रहे और अब नक्सल मुक्त हो चुके दर्रीपारा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। दौरे के दौरान श्री चंद्राकर ने ग्राम दर्रीपारा और रावण डिग्गी में आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव, गरीब और किसानों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि सहित कई योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन स्थापित हुआ है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे सशक्त हो रही हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान धनंजय नेताम, त्रिलोक राठौर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही मुकेश बिसेन, प्रीतम प्रधान, बरातुराम ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुव, रमेश ध्रुव, अघन सिंह ठाकुर, ललित ध्रुव, रूपेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### योजनाओं से जीवन में स्थिरता: ग्रामीण

कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थियों ने भी चर्चा के दौरान बताया कि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है और वे इससे संतुष्ट हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें नियमित रूप से राशन प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके जीवन में स्थिरता आई है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके और मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य सरकार चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांवों का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे ग्रामीण खुशहाल हो रहे हैं।

# 320 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के थाना सांकरा और सरायपाली क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब और शराब बनाने का कच्चा माल (लाहन) बरामद किया है। इस कार्रवाई में कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना सांकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सावित्रीपुर के खार जंगल में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बनाने का काम कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने जंगल में घेराबंदी कर छापेमारी की। मौके से पुलिस ने तीन आरोपियों टिकेश्वर कोसरिया (28 वर्ष), हेमंत लाल कुर्रे (26 वर्ष) और लोकनाथ बारीक (28 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 260 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 52,000 रुपये है। इसके अलावा, शराब बनाने के लिए तैयार किया गया 2,000 किलो महुआ लाहन और शराब बनाने के



चूल्हों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

### सरायपाली के खेत में पकड़ी गई अवैध शराब

एक अन्य कार्रवाई में थाना सरायपाली पुलिस ने ग्राम झालपाली में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने समय लाल भास्कर के खेत में छापेमारी की, जहाँ बलराम भास्कर (25 वर्ष) नामक युवक को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 60 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 12,000 रुपये आंकी गई है।

### ट्रक से छह एयर कंडीशनर चोरी

**महासमुंद।** रायपुर से ओडिशा जा रहे एक ट्रक से एयर कंडीशनर चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण पिता दशरथ लाल वर्मा (50 वर्ष) इंद्रनगर, बमरौली, उपरहार थाना पुरामुफ्ती जिला प्रयागराज (उ.प्र.) ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह विगत 04 वर्षों से राज कार्गो मूवर्स में प्रोप्राईटर्स अयज सी के यहां गाड़ी चला रहा है। 3 अप्रैल को वह रायपुर से बलांगीर (ओडिशा) जाने के लिए आयशर कंटेनर वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएल 6447 में सामान लोड करके निकला था। रात करीबन 02.30 बजे से 3 बजे के मध्य रात्रि में पटेवा के आस-पास उक्त वाहन में लगे पीछे दरवाजे का सील एवं ताला को अज्ञात चोर द्वारा काटकर चलती वाहन से चोरी को अंजाम दिया गया। बलांगीर (ओडिशा) आफिस में माल खाली कर मिलान करने पर पता चला कि वाहन में कुल 18 एसी लोड था जिसमें से 06 नग एसी कीमत 2,02,854 रुपए को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# 10 माह से फरार गांजा तस्कर और हिट एंड रन का मुख्य आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी और लापरवाही से मौत के मामले में 10 महीने से फरार चल रहे एक शातिर अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अमूल्य कुमार बिश्नोई, जो ओडिशा का निवासी है, अपनी पहचान छिपाकर लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। साइबर सेल और खल्लारी पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर उसे ओडिशा के सुनाबेड़ा से धर दबोचा।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 22 जुलाई 2025 की है। आरोपी अमूल्य बिश्नोई अपनी कार क्रमांक ओआर 07 जेड 0093में भारी मात्रा में गांजा लेकर तस्करी कर रहा था। खल्लारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकड़े जाने के डर से आरोपी ने वाहन को तेज रफ्तार में भगाना शुरू किया। इस दौरान उसने एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी घबराकर वाहन और उसमें लदा 190 किलोग्राम गांजा मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में



कीमत लगभग 28,49,250 रुपए आंकी गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खल्लारी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) और बीएनएस की विभिन्न धाराओं 281, 125(ए), 125(बी) व 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था।

### ठिकाने बदल-बदलकर दे रहा था चकमा

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अमूल्य बिश्नोई पिछले 10 महीनों से फरार था। वह अपनी पहचान छिपाकर लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिससे पुलिस को उसे ट्रैक करने में कठिनाई हो रही थी। हालांकि, महासमुंद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ओडिशा के सुनाबेड़ा जिला कोरापुट में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

पकड़ा गया आरोपी 48 वर्षीय अमूल्य कुमार बिश्नोई, पिता सनातन बिश्नोई, को पुलिस ने 7 अप्रैल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में खल्लारी थाना और साइबर थाना टीम की विशेष भूमिका रही, जिनकी सक्रियता से एक पुराने और गंभीर मामले का पटाक्षेप हो सका।

# युकां ने लॉन्च किया संविधान लीडरशिप प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम को लेकर बुधवार को प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की।

अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य युवाओं को भारतीय संविधान में निहित मूल्यों, उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के दौर में युवाओं के लिए संविधान की गहरी




समझ होना अनिवार्य है, ताकि वे देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। इस प्रेस वार्ता के दौरान स्थानीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रेस वार्ता में एरिश अनवर, अमन चंद्राकर, कुशाग्र सोनी, युवराज साहू, युवराज चंद्राकर, आयुषमान सिंग ठाकुर, शुभ गोयल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे युवाओं के भविष्य और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक मील का पत्थर बताया।

### वैकल्पिक मीडिया और नेतृत्व निर्माण

प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एक महत्वपूर्ण बिंदु साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय युवा कांग्रेस देशभर में एक जागरूक और जिम्मेदार नेतृत्व तैयार करना चाहती है। इसके साथ ही, इस पहल का एक बड़ा उद्देश्य एक अल्टरनेट मीडिया चैनल (वैकल्पिक मीडिया मंच) खड़ा करना भी है, ताकि युवाओं की आवाज और उनके मुद्दों को सही मंच मिल सके।

### जिले के लिए लक्ष्य

छत्तीसगढ़ में इस प्रोग्राम को बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है। जिले के संदर्भ में उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारियां दीं है कि जिले भर से लगभग 2500 युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए 18 से 40 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। जोड़े गए युवाओं को संवैधानिक विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

# 15 महीने बाद खुला मौत का राज मजदूर की संदिग्ध मौत में मकान मालिक पर एफआईआर दर्ज

**पिथौरा (ग्रामीण)।** थाना क्षेत्र के ग्राम कैलाशपुर में अवैध शराब निर्माण के लिए बनाए गए गड्ढे में जहरीली गैस की चपेट में आने से हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।



घटना के करीब 15 महीने बाद, पीएम रिपोर्ट तथा साक्ष्यों के आधार पर पिथौरा पुलिस ने 7 अप्रैल 2026 को आरोपी मकान मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गौरतलब है कि यह दर्दनाक घटना 10 जनवरी 2025 को घटित हुई थी। मृतक अर्जुन नायक (29 वर्ष) गांव के ही काशीराम यादव के यहां मजदूरी करता था। परिजनों का आरोप है कि घटना की रात काशीराम यादव के पुत्र चक्रधर यादव ने अर्जुन को घर बुलाकर महुआ शराब बनाने के लिए कमरे के भीतर बने एक गहरे सेप्टिक टैंकनुमा गड्ढे में उतारा। बताया जाता है कि गड्ढे के अंदर महुआ पास था। जिसके कारण जहरीली गैस भरी हुई थी, जिसकी चपेट में आते ही अर्जुन बेहोश हो गया।

जिसके बाद एनसीसी हॉस्पिटल झलप में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे तत्काल रायपुर स्थित बालाजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**खबर संक्षेप**

## बिजली कटौती और लो वोल्टेज के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन



**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के महामंत्री गेन्दू यादव ने जारी बयान में कहा अप्रैल मे ही बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के चलते मैनपुर क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हो गये हैं। लो वोल्टेज के कारण मोटरपंप नहीं चल पा रहे हैं, जिसके कारण खेत सूख रहा है, तो दूसरी ओर ओवरहैड टैंक में पानी नहीं भरने के कारण पेयजल की दिक्कत उत्पन्न हो गई है। श्री यादव ने कहा लो वोल्टेज के चलते क्षेत्र की जनता परेशान हो गई है। छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है। भाजपा सरकार में अभी से ग्रामीण लो वोल्टेज और बार बार बिजली कटौती से परेशान हो गये हैं। यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

## बोरसी में हनुमान जन्मोत्सव पर अलका का कार्यक्रम 10 को



**फिंगेश्वर।** ग्राम बोरसी मे 10 अप्रैल शुक्रवार को हनुमान जंयती का भव्य क्रार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका अलका चंद्राकर का कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम मे पूजा आरती के साथ साथ हनुमान चालीसा, सुदरकांड का पाठ होगा। आयोजक समिति की ओर से सभी हनुमान भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** खरोरा के सांई मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मृतक रामानंद विश्वकर्मा पिता थानूराम विश्वकर्मा (63 साल) निवासी खरोरा के मर्ग सदर की जांच किया गया। जिसके तहत मृतक साराडीह मोड़ से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 ए 8534 से अपने घर ग्राम खरोरा आ रहा था कि सांई मंदिर के पास एनएच 353 पहुंचा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रामानंद विश्वकर्मा को उसके मोटर सायकल सहित पीछे ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट आरोपी अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है

## बहस करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** बहस करने से मना करने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शंभु ध्रुव निवासी साल्हेभांठा ने बताया कि 06 अप्रैल को वह सामान खरीदने मनोहर दुकान जा रहा था। दोपहर 2 बजे स्कूल के पास मिथलेश ध्रुव एवं शुभम ध्रुव अपने चाचा सुरेश ध्रुव के साथ बहस कर रहे थे, जिन्हें उसने समझाया। इस आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

### समग्र शिक्षा में वोकेशनल ट्रेनर पद पर नियुक्ति करा देने का दिया था झांसा

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 लाख 20 हजार की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**नवापारा-राजिम।** नौकरी लगाने के नाम पर तीन बेरोजगारों से चार लाख से अधिक की ठगी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र में इन दिनों नौकरी दिलाने और ट्रांसफर कराने के नाम पर ठगी का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। शातिर ठग बेरोजगार युवाओं और सरकारी कर्मचारियों को अपना निशाना बनाकर लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं। ताजा मामले में पिपरौद निवासी राहुल देव साहू उम्र 28 वर्ष ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराया कि उन्हें तथा अन्य दो लोगो को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर भेंडरी गांव के जितेंद्र सिन्हा ने 4 लाख 20 हजार का ठगी कर लिया। रिपोर्ट होने पर पुलिस ने उक्त ठग को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### दो युवती व एक युवक की नौकरी के नाम पर लिए पैसे

दी गई जानकारी के मुताबिक राहुल देव साहू का जान पहचान पढ़ाई के दौरान जितेंद्र सिन्हा से हुई थी। इसी का फायदा उठाकर उन्होंने नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया। उसने समग्र शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के अंतर्गत वोकेशनल ट्रेनर



पद पर नियुक्ति करा देने की बात कही। ठग के झांसे में आकर प्रार्थी ने अपनी बहन की नौकरी के लिए अलग-अलग तारीखो में ऑनलाइन माध्यम से कुल 3 लाख 20 हजार रूपए आरोपी को दे दिए। इसके अलावा आरोपी ने इसी तरह कौशल यादव और करूणा यादव से भी 1 लाख रूपए ठग लिए। इस तरह तीन लोगो से उन्होने 4 लाख 20 हजार रूपए की धोखाधड़ी की। पीड़ित ने बताया कि आरोपी जितेंद्र सिन्हा ने इंटरव्यू के नाम पर रायपुर के नरदहा स्थित कॉलेज भी बुलाया लेकिन नियुक्ति पत्र नहीं दिया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त रूपए को वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहा और बाद में फोन बंद कर फरार हो गया। इतना ही नही रकम वापस मांगने पर जान सहित मरवाने की धमकी भी देने लगा। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जितेंद्र सिन्हा उम्र 32 वर्ष निवासी भेण्डरी को बीएनएस की धारा 318 (4),351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी जितेंद्र सिन्हा ने उक्त राशि ठगी करने का जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

ठग अक्सर सरकारी नौकरी, संविदा पद या निजी कंपनियों में नियुक्ति का झांसा देते हैं। वे खुद को किसी बड़े अधिकारी, नेता या प्रभावशाली व्यक्ति से जुड़ा हुआ बताकर लोगों का भरोसा जीतते हैं। कई मामलों में फर्जी नियुक्ति पत्र, ट्रांसफर आदेश या सिफारिशी दस्तावेज भी दिखाए जाते हैं। इसी तरह, सरकारी कर्मचारियों को मनचाहे स्थान पर ट्रांसफर कराने का लालच देकर मोटी रकम वसूली जाती है। पैसे लेने के बाद ठग या तो गायब हो जाते हैं या फिर टालमटोल करते रहते हैं।

### सतर्क रहें, लालच में न आएं : पुलिस

पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे इस प्रकार के झांसे में न आएं। नौकरी या ट्रांसफर केवल वैधानिक प्रक्रिया से ही संभव है, इसके लिए किसी बिचौलिये या अनजान व्यक्ति को पैसा देना जोखिम भरा है। किसी भी व्यक्ति को नौकरी या ट्रांसफर के नाम पर पैसे न दें ऑफर देने वाले व्यक्ति की पूरी जानकारी और सत्यता की जांच करें। सरकारी प्रक्रिया को समझें और केवल आधिकारिक माध्यमों पर भरोसा करें फर्जी कॉल, मैसेज या दस्तावेजों से सावधान रहें ठगी का संदेह होने पर तुरंत नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं। क्षेत्र में इस तरह के मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे आमजन में चिंता का माहौल है। खासकर युवा वर्ग और नौकरी की तलाश कर रहे लोग इन ठगों के आसान शिकार बन रहे हैं।



## भाजपा की नींव सेवा और समर्पण पर है आधारित

**मैनपुर।** भाजपा स्थापना दिवस को लेकर गांव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे दर्रीपारा सहित अनेक ग्रामों का दौरा कर सीधे ग्रामीणों से चर्चा की और ग्रामीणों की मूलभूत समस्या सुनी। इसके अलावा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अनेक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की संचालित योजनाओं के लाभ मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान की तरफ देश आगे बढ़ रहा है। उनके साथ दौर में भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, बिंद्रानवागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम ,त्रिलोक राठौर मौजूद थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने ग्राम दर्रीपारा और रावण डिग्गी में ग्रामीणों से कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब और किसानों के विकास के लिए संकल्पित है। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धि यह है कि तेजी से विकास कार्य हो रहा है। विकास के मामले में गांव और शहर की तस्वीर बदल रही है। उन्होने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सीधे लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि के अलावा केंद्र सरकार की सैकड़ो योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को सीधे मिल रहा है।

इस दौरान भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन प्रत्येक माह मिल रहा है। इस अवसर पर मुकेश बिसेन,प्रीतम प्रधान, बरातुराम ध्रुव, वेश राठौर, भूपेंद्र ध्रुव ,रमेश ध्रुव, अघन सिंह ठाकुर, भादूराम ध्रुव, ललित ध्रुव, रूपेश ध्रुव ,गिरधारी ध्रुव, गणेशराम ध्रुव,बलराम देवांगन, प्रहलाद ठाकुर एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## चूल्हा और सिगड़ी का चलन लौटने लगा, रसोई गैस की किल्लत, होटल ढाबों में लकड़ी का उपयोग बढ़ा



**मैनपुर।** रसोई और व्यवसायिक गैस की किल्लत के बाद होटलों और ढाबों में चूल्हा युग फिर से लौट आया है। लोग अब तक गैस की किल्लत और कालाबाजारी से से बचने के लिए परंपरागत चूल्हा और सिगड़ी का उपयोग करने लगे हैं, जिससे इन दिनों जलाऊ लकड़ी और कोयले की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में एक बार फिर जलाऊ लकड़ी कारोबार गति पकड़ने लगा है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद रसोई गैस की किल्लत हो गई है। मैनपुर मे गैस एजेंसी नहीं होने के कारण कमर्शियल गैस सिलेन्डर नहीं मिलने के कारण अधिकांश हॉटलों में इन दिनों चूल्हा से चाय नाश्ता बनाते दिखाई दे रहे हैं। इस



संबंध में चर्चा करने पर छोटे हॉटल व्यवसायियों ने बताया कि मैनपुर में उन्हें कमर्शियल गैस सिलेडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण वे चूल्हे से चाय नाश्ता बनाना पड़ रहा है।

## स्थापना दिवसः भाजपा कार्यकर्ताओं ने निवास पर फहराया पार्टी ध्वज

**छुईहा-बेलर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पार्टी के मंडल महामंत्री प्रेमलाल टोडर सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने निवास, ग्रामों में भाजपा का कमल चिह्न अंकित ध्वज फहराकर संगठन के प्रति निष्ठा प्रकट की। कार्यक्रम के तहत में सहकारी



समिति जामगांव के अध्यक्ष कोमल ढीढी, शिवलाल दाऊ सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा, मिंजन साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता ने भी निवास की छत पर पार्टी का ध्वज फहराया। सभी ने पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पुनः स्मरण करने का दिन है। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को और मजबूत बनाने तथा आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की बात कही। कार्यक्रम सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय स्तर पर पार्टी के प्रति समर्पण और सक्रियता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## गौरवपथ से बदलेगी तस्वीर, सड़क स्वीकृति पर ग्रामीणों में खुशी



**कोपरा।** ग्राम तर्रा में लंबे समय से चली आ रही सड़क निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। ग्राम गौरवपथ योजना के तहत 1400 मीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए 136.56 लाख की स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही मार्ग पर नए पुल निर्माण की मंजूरी से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



गौरतलब है कि पूर्व में इस सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कई बार आंदोलन किया था, यहां तक कि मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अब शासन द्वारा स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होती नजर आ रही है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर ग्राम पंचायत तर्रा की सरपंच ममता साहू सहित समस्त पंचों एवं ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। सरपंच ममता साहू ने कहा कि यह सड़क निर्माण गांव के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा और आवागमन की सुविधाएं बेहतर होगी।

ग्रामीणों ने भी इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब गांव में विकास की नई बयार बहेगी और लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानियों से राहत मिलेगी।

## सरकारी योजना बनी वरदान, श्रमिक परिवार को मिला आत्मनिर्भर बनने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

फिंगेश्वर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सेम्हराडीह निवासी मया राम साहू एक साधारण श्रमिक हैं। जिनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। भूमिहीन होने के कारण उनके पास आय का स्थायी साधन नहीं था। पहले वे गांवों में वाहन चालक का काम करते थे, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें मजदूरी करने के लिए मजबूर कर दिया। चार बच्चों के पिता मया राम साहू ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार की जिम्मेदारियों को निभाया। उन्होंने अपनी दो बेटियों का विवाह अत्यंत कठिन परिस्थितियों में किया, जबकि दोनों बेटे आज भी मजदूरी करके परिवार का सहारा बने हुए हैं। आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर तो बनवाना शुरू किया, लेकिन वह अधूरा ही रह गया।





ऐसे समय में भूमिहीन कृषक मज़दूर कल्याण योजना उनके लिए एक नई उम्मीद लेकर आई। इस योजना के अंतर्गत उन्हें 10 हजार की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग वे अपने अधूरे घर के छाबाई (प्लास्टर) कार्य और बिजली की व्यवस्था पूरी करने में कर रहे हैं। मया राम साहू बताते हैं कि यह आर्थिक सहयोग उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल उनके घर का काम आगे बढ़ा है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। अब वे अपने जीवन को बेहतर बनाने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वे इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी पहल से उन्हें यह सहयोग मिला।

मया राम साहू ने कहा कि सही समय पर मिला छोटा सा सहयोग भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। आज यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि श्रमिकों और भूमिहीन किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

## अंचल के छात्रों के लिए खोला जाए कॉलेज



**कोपरा।** शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की उन्नति के लिए कॉलेज खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू ने मांग की है कि ग्राम मुरमुरा में जय मां झरझरा शासकीय महाविद्यालय के नाम से कॉलेज खोला जाय। क्योंकि आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए कॉलेज नहीं होने के कारण आगे की डिग्री से वंचित है। धुरसा, कशेरुडीह, सहसपुर, लोहरसिंग, तरीघाट, छूहिया, चरौदा, बोड़की, फुलझर, जोगीडीपा, जमाही, तौरेंगा, गाडाघाट, कुरुद, फुलझर, सांकरा ऐसे बहुत से गांव आते हैं, जहां पर विद्यार्थियों को आगे कॉलेज की पढ़ाई के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय कर राजिम, फिंगेश्वर, गरियाबंद, छुरा जाना पड़ता है। ऐसे बहुत सी लड़कियों को उतना दूर कॉलेज की पढ़ाई करने जाने में असुविधा होती है, क्योंकि आने जाने के लिए गाड़ी साधन की व्यवस्था समय पर नहीं होती, जिससे बहुत से लड़के, लड़कियां अपने आगे की डिग्री से वंचित हो जाते हैं। अनिल साहू ने कहा कि इंसान को जीने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है रोटी, कपड़ा और मकान, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण आवश्यकता है तो वो सिर्फ और सिर्फ शिक्षा हैं। क्योंकि शिक्षा एकमात्र ऐसा साधन है, जो हमें जीवन भर लाभान्वित करता है। इसलिए आगे विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य को देखते हुए कॉलेज शीघ्रता से बने।

## विधायक पर लगाए आरोप बेबुनियाद, बदनाम करने की है साजिश

**नवापारा-राजिम।** नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा विधायक इन्द्रकुमार साहू की लोकप्रियता को देखते हुए बदनाम करने की साजिश की गई है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे देश में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में चम्पारण मण्डल में प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक श्री साहू को मन की बात एवं जिग्यासा विषय पर अपनी बात रखना था, उस विषय पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा पे अपनी बात रखी कि हम लोग विपक्ष के कारण चुनाव नहीं हारते, हमारे ही पार्टी में भीतरघात करने वाले कार्यकर्ता रहते हैं, जिसके कारण चुनाव हारते हैं। उन लोगों को गद्दार कहा जो सही है। प्रशिक्षण के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को मोबाइल बन्द रखने कहा जाता है, जो भी बात है। परिवार के बीच में एक दूसरे के विचारों का आदान प्रदान किया जाता है। इससे साफ जाहिर हो रहा कि जो लोग हमारे भारतीय जनता पार्टी परिवार के बात को बाहर तक पहुंचाने का काम कर रहे वे पार्टी से गद्दारी करने का काम कर रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि विधायक इन्द्रकुमार साहू एक साधारण किसान परिवार से निकलकर अपनी मेहनत, ईमानदारी और जनसेवा के बल पर राजनीति के शीर्ष पद पर पहुंचे हैं, उनकी बढ़ती लोकप्रियता खासकर ग्रामीण और किसान वर्ग में मजबूत पकड़ कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है।



### नेता प्रतिपक्ष ने लगाए कई आरोप, विकास और स्वच्छता कार्यक्रम फेल, जनता परेशान

# पालिका में कमीशनखोरी का आरोप अध्यक्ष का पुतला फूंका, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नगर पालिका अभनपुर के नागरिको को नगर की समस्याओ को लेकर पालिका के नेता प्रतिपक्ष एवं अभनपुर भाजपा मंडल के नेतृत्व मे अभनपुर बस स्टैण्ड मे धरना प्रदर्शन कर नगर पालिका अध्यक्ष का पुतला फूंका एवं पालिका कार्यालय पहुंचकर भैस के सामने बीन बजाकर उग्र प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे एवं सीएमओ व इंजीनियर कोई भी जवाबदार अधिकारी पालिका मे मौजूद नही थे इसके चलते, तहसीलदार श्वेता शुक्ला ज्ञापन लेने पहुंची थी। आंदोलन के दौरान किसी अप्रिय स्थिती से निपटने के लिए भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रही।

### सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रूपनारायण साहू एवं मंडल अध्यक्ष भरत बैस ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि नगर की आमजनता बड़े ही आशा विश्वास के साथ नगर पालिका अध्यक्ष बनाया था लेकिन उनकी कार्यशैली से आज नगर की जनता त्राहीमान कर रही है ,नगर मे पेयजल की समस्या,सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है जगह जगह नाली जाम व कचरे का ढ़ेर लगा हुआ है वार्डो मे आधे से अधिक जगहो पर पीने का पानी नही पहुंच रहा है आम जनता इन समस्याओ को लेकर पालिका पहुंचती है लेकिन वहा कोई सुनने वाला नही है पालिका अध्यक्ष ऑफिस टाइम खत्म होने के बाद कार्यालय पहुंचते है उस दौरान माताये बहने अपने रात की भोजन की तैयारी कर रही होती है,अधिकारियो का भी नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह वार्डो मे जाकर विजिट करे लेकिन नगर वासियो को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है,नगर मे विकास के लिए भाजपा सरकार व विधायक द्वारा विकास मे सहयोग देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है लेकिन पालिका मे बैठे प्रतिनिधियो के ओछी मानसिक ता के चलते विकास होने नही दिया जा रहा है ,विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए भेजे गये पैसे का टेंडर होने के बाद भी कमीशनखोरी के चक्कर मे वर्क आर्डर नही दिया जाता। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि नगर पालिका मे पार्षदो के बजाय पार्षद प्रतिनिधियो द्वारा खुलेआम कार्या मे हस्तक्षेप किया जाता है उन्हे नीतिगत निर्णयो से शामिल होने से रोका जाये,साफ सफाई की व्यवस्था को देखते हुये 15 वित्त आयोग से जेसीबी मशीन खरीदकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाये।

मंडल अध्यक्ष भरत बैस ने कहा कि गांव मे बहुत ही सीमित संसाधन मे पेयजल व साफ सफाई की व्यवस्था की जाती है लेकिन यहां शासन द्वारा करोड़ो रूपये की राशि मिलने के बावजूद नगर मे जनता मूलभूत सुविधाये उपलब्ध नही हो पाना यह शर्मनाक है,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन को जगाने के लिए आज भैस के आगे बीन बजाकर प्रदर्शन किया गया है स्थिती मे सुधार नही होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया है।

इस मौके पर पार्षद मीना साहू,चंपा लेदेकर,गब्बू धुरव,पूर्व पार्षद राजा राय,लिलेश सिन्हा,सूरज साहू,मुकेश ढीढी,प्रवीण बजाज,वरूण राठी,लौटन गिलहरे,डॉ एसके चन्द्राकर,मन्नु सिन्हा,ईश्वर पटेल,वेदप्रकाश ठाकुर,समीर यदु,लोकेश साहू,देवेन्द्र वर्मा,शिवनारायण बघेल,सागर साहू,सीता साहू,सरिता चन्द्राकर,रानू शर्मा,चेतना गुप्ता,शारदा साहू,राधिका धीवर,पवन सिन्हा,पूजा बघेल,आकाश साहू,लाला राम पाल,गोयल भट्ट,देवहुति साहू आदि लोग शामिल रहे।

## मयाराम के लिए भूमिहीन कृषक मजदूर कल्याण योजना बनीं लाभदायी

**राजिम।** राजिम तहसील के ग्राम सेम्हराडीह निवासी मयाराम साहू एक साधारण श्रमिक हैं। जिनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। भूमिहीन होने के कारण उनके पास आय का स्थायी साधन नहीं था। पहले वे गांवों में वाहन चालक का काम करते थे, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें मजदूरी करने के लिए मजबूर कर दिया। चार बच्चों के पिता मयाराम साहू ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार की जिम्मेदारियों को निभाया। उन्होंने अपनी दो बेटियों का विवाह अत्यंत कठिन परिस्थितियों में किया, जबकि दोनों बेटे आज भी मजदूरी करके परिवार का सहारा बने हुए हैं। आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर तो बनवाना शुरू किया, लेकिन वह अधूरा ही रह गया। ऐसे समय में भूमिहीन कृषक मजदूर कल्याण योजना उनके लिए एक नई उम्मीद लेकर आई। इस योजना के अंतर्गत उन्हें 10 हजार की सहायता राशि प्राप्त हुई। इस राशि का उपयोग वे अपने अधूरे घर के प्लास्टर कार्य और बिजली की व्यवस्था पूरी करने में कर रहे हैं। मयाराम साहू बताते हैं कि यह आर्थिक सहयोग उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे न केवल उनके घर का काम आगे बढ़ा है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। अब वे अपने जीवन को बेहतर बनाने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वे इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी पहल से उन्हें यह सहयोग मिला। मयाराम साहू ने कहा कि सही समय पर मिला छोटा सा सहयोग भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। आज यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि श्रमिकों और भूमिहीन किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

■ शासन का सही समय पर मिला सहयोग किसी के जीवन में ला सकता है बड़ा बदलाव

# नवापारा में फेरीवालों की बढ़ रही गतिविधियां

■ कालोनियों में पहुंच रहे बाहरी लोग, सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता

**नवापारा-राजिम।** अंचल का प्रमुख व्यापारिक केंद्र नवापारा शहर इन दिनों एक नई चुनौती का सामना कर रहा है। शहर में फेरीवालों की संख्या अचानक बढ़ गई है, जिससे खासकर रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। पहले जहां फेरीवाले साइकिल या पैदल गली-मोहल्लों में सामान बेचते नजर आते थे, वहीं अब ये दोपहिया वाहनों में सवार होकर कॉलोनियों और वार्डों में घूमते हुए आवाज लगाते दिखाई दे रहे हैं। इनके आने-जाने का तरीका भी बदल गया है, जिससे लोगों के बीच शंका और बढ़ गई है। दिलचस्प बात यह है कि ये फेरीवाले शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों- सदर बाजार और गंज मार्ग-में कम ही दिखाई देते हैं। इसके विपरीत ये अधिकतर कालोनियों, अंदरूनी गलियों और ऐसे वार्डों में सक्रिय हैं, जहां निगरानी अपेक्षाकृत कम रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पैटर्न कई सवाल खड़े करता है कि आखिर मुख्य बाजारों से दूरी बनाकर केवल रिहायशी इलाकों को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। शहर में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऐसे में बाहरी लोगों का इस तरह गली-मोहल्लों में घूमना लोगों की चिंता को और बढ़ा रहा है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि कुछ असामाजिक तत्व फेरीवालों के रूप में घरों की रेकी कर सकते हैं और बाद में चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। फेरीवालों का दोपहिया वाहनों में आना-जाना, तेज आवाज में पुकार लगाना और बार-बार अलग-अलग गलियों में चक्कर लगाना अब आम हो गया है। ऐसे में रहवासी अब अनजान लोगों पर नजर रखने लगे हैं। साथ ही, बाहरी लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। घर के अंदर किसी बाहरी व्यक्ति को बिना जानकारी के प्रवेश न दें। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। आसपास के लोगों के साथ मिलकर निगरानी बढ़ाएं। नवापारा शहर में फेरीवालों की बढ़ती मौजूदगी ने सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं भी खड़ी कर दी हैं।



# कांग्रेस का मिशन गांव चलो परसदाकला में जुटे नेता

■ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती देने का संकल्प

**छुईहा बेलर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिशन गांव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने कार्यकर्ता से सम्पर्क लगातार जारी है। इसी कड़ी में फिंगेश्वर ब्लॉक के बेलर मंडल के परसदाकला सेक्टर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉक पदाधिकारियों सहित क्षेत्रभर के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दोहराया गया।

ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष हेमलता सिन्हा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निचले स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा और रीति-नीति से अवगत कराते हुए कहा कि महिलाएं संगठन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। नारीशक्ति बनी राजनीति की रीढ़ है , इनके भागीदारी से मज़बूत हो रही पार्टियों की जमीन, बदलते राजनीतिक समीकरणों में महिलाशक्ति अब केवल मतदाता नहीं, बल्कि संगठन की धुरी बन रही है। कांग्रेस की बूथस्तर से प्रदेशकार्यकारिणी तक महिलाओं की सक्रियता ने पार्टियों को सामाजिकस्वीकार्यता और जमीनी पकड़ दी है।

स्वसहायता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला संगठन और पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से महिलाएँ पार्टी का संवाद एकतरफा प्रचार से आगे बढ़कर दोतरफा विश्वास में बदल रहा है। बेलर मंडल प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे ने कहा कि पार्टी में हर कार्यकर्ता का महत्व है और सभी को मिलकर संगठन को सशक्त बनाना है। इसी क्रम में, परसदाकला सेक्टर के विभिन्न बूथों पर बूथ अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया, साथ ही पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी भी गठित की गई। बैठक में ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता सिन्हा, मंडल प्रभारी भुनेश्वरी बंजारे, मीडिया प्रभारी शिवम् सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, मंडल सचिव बैजन्ती साहू, सेक्टर अध्यक्ष कामतू राम, सेक्टर महामंत्री रोहाणी साहू सहित क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# छुईहा में शिव महापुराण कथा 10 से 17 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर।



ग्राम छुईहा में 10 से 17 अप्रैल तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कथावाचक पं. त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा।

कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि यह भक्ति एवं मुक्ति प्रदान करने वाली अमृतमयी कथा है, जिसका श्रवण सभी श्रद्धालुओं को अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अवश्य करना चाहिए। कथा प्रवचन का समय प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से 1.30 बजे तक एवं दोपहर 3.15 बजे से 5.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं, प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक रूद्राभिषेक, पूजा एवं आरती का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु सम्मिलित हो सकेंगे।

यह आयोजन निर्मला सिन्हा, मोरध्वज सिन्हा, उर्वशी सिन्हा, देवेन्द्र कुमार सिन्हा एवं गायत्री सिन्हा परिवार छुईहा के तत्वावधान में अपने पूर्वज स्व. श्री डेरहा राम सिन्हा गौंटिया, स्व. ढेलाबाई सिन्हा एवं स्व. श्री पार्थिक राम सिन्हा की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है।

शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा, जिसमें देव वेदी पूजा स्थापना एवं उसके महत्व पर कथा कही जाएगी। शनिवार को शिवपूजन, नारद मोह एवं कुबेर कथा, रविवार को बड़ादेव कथा एवं सती चरित्र, मंगलवार को पार्वती तपस्या एवं शिव-पार्वती विवाह महोत्सव, बुधवार को पतिव्रत धर्म, कार्तिक एवं गणेश जन्म, गुरुवार को बाणासुर कथा, चढ़ौतरी एवं शोभायात्रा तथा अंतिम दिन शुक्रवार को देव पूजन, रुद्राक्ष वितरण एवं महाप्रसादी के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा।

आयोजन की तैयारी एवं व्यवस्था में गजेन्द्र उत्तरा, छगनलाल कृष्णा, भारती, मिश्री नीता, रूपनारायण, गुंजा, चेतन वसंती, राजेश सीमा, कौशल हितेश्वरी, थानेन्द्र भावना एवं गुलशन लता सहित अनेक श्रद्धालु ग्रामवासी छुईहा सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।



## डॉ. गंगा राम बने भाजपा ब्लाक पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष

**छुईहा-बेलर।** भाजपा फिंगेश्वर ब्लॉक पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष तुलाराम साहू बेलर ने संगठन का विस्तार किया है। यह विस्तार मंडल अध्यक्ष मंज हरित की अनुमोदित व हरीझण्डी देने पर हुई है।

विस्तारित पदाधिकारी में उपाध्यक्ष डॉ. गंगा राम साहू, गणेश साहू, बेनिशंकर साहू महामंत्री, उदे राम साहू कोषाध्यक्ष, चुम्मन लाल साहू, धनी राम सेन, राकेश साहू, आशा राम साहू को मंत्री पद एवं कार्यकारिणी सदस्य पद पर अनिल राम, जवाहर लाल यादव, भूषण साहू, छगन साहू, बिसहत राम, प्यारे लाल, बिंदु साहू, केजउ राम, युधिष्ठिर, टायल साहू, नोखे लाल साहू, अनूप साहू,भोज राम साहू, नानिक राम साहू, को अहम जिम्मेदारी मिली। इस मौके पर संगठन ने भाजपा स्थापना दिवस मनाया।

# तोता मैना फिल्म देख अभिभूत हुए साहित्यकार



**छुरा।** छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माण में एक बार फिर छुरा राजिम-गरियाबंद के फिल्मकारों ने नया आयाम गढ़ा है।3 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म तोता मैना जिसका निर्माण निर्देशन नवापारा राजिम निवासी जी आर पारकर के द्वारा किया गया है, जिसमें स्थानीय कलाकारों को स्थान देकर उनके प्रतिभा को निखारने का सफल प्रयास किया है। छुरा अंचल के कलाकार एवं साहित्यकार देवनारायण यदु, उर्मिला यादव, विनोद यादव, आकाश कुमार, रमनी बंजारे, क्षमा दीवान, लिगेश्वरी ध्रुव, गूंजा ध्रुव, पवन यादव जैसे सह कलाकारों की सशक्त भूमिका ने फिल्म में जान डाल दी है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग छुरा क्षेत्र के लोकेशन में हुई है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को उजागर करती भूले बिसरे खेल कूद गांव की संस्कृति के साथ मधुर गीत संगीत से सजी छत्तीसगढ़ी फिल्म को एक बार देखने से मन नहीं भरता है। तोता मैना फिल्म प्रेम त्याग तपस्या समर्पण और एक दूसरे के प्रति अगाध निष्ठा और वफादारी की कहानी है। पूरी तरह पारिवारिक परिवेश में बनी फिल्मों में अटूट प्रेम और पुनर्मिलन का सुंदर फिल्मांकन किया गया है। राजिम के गैलेक्सी सिनेमा में प्रदर्शित इस फिल्म को अंचल के कलाकार कलाप्रेमियों का प्रतिशाद प्रेरणा मिल रहा है। छुरा क्षेत्र के साहित्यकार हीरालाल गुरुजी समय ललित साहू जख्मी नोहर लाल पटेल ओमप्रभा साहू लवण साहू ने फिल्म को देख कर निर्देशक निर्माता जी आर पारकर को उनके प्रयास के लिए बधाई दी है।

# नि:शक्त ने ट्राइसाइकिल के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



विकासखण्ड के एक दिव्यांग चतुर मरकाम पिछले दो वर्षों से ट्राईसिकल के लिए जनपद पंचायत मैनपुर सहित समस्या निवारण शिविर में आवेदन देकर थक चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें ट्राइसिकल नसीब नहीं हुई है।

उन्होंने बताया कि 4-5 वर्ष पहले उन्हें जो ट्राईसिकल मिली थी वह बेहद खराब और जर्जर स्थिति में आ गयी है। वे छोटी सी दुकान खोलकर अपना जीविका उर्पाजन करते हैं और उन्हें सामाग्री लेने के लिए जर्जर सड़क के माध्यम से 3 किमी दूर गुढ़ियारी जाना पड़ता है, लेकिन जर्जर हो चुके और कलपुर्जे खराब हो चुके ट्राईसिकल में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर से मांग की है कि उन्हें ट्राईसिकल उपलब्ध कराई जाये।

### भाजपा स्थापना दिवस पर पूर्व संसदीय सचिव मांझी के साथ कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण की

# संघर्ष से बनी भाजपा विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी



**मैनपुर।** भाजपा का स्थापना दिवस गोहरापदर में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यालय गोहरापदर के अटल चौक पर झंडा फहराया गया। साथ ही गांव के चौक चौराहा एवं बस स्टैंड पर झंडा वंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के महान संस्थापकों एवं शीर्ष नेतृत्व के आदर्शों एवं विचारों का स्मरण किया सभी कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया राष्ट्र सेवा एवं संगठन को सर्वोपरि रखने की भावना को आत्मसात किया।

इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की दृढ़ ईच्छाशक्ति संकल्प और कड़ी मेहनत से भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। हमारे वरिष्ठ नेताओं के त्याग तपस्या और संघर्ष से भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी है। पार्टी के कार्यकर्ता देशहित मे कार्य करते हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश चहुं ओर प्रगति कर रहा है और पूरे विश्व में एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में छवि है। अंतर्राष्ट्रीय स्थिति में हमारा देश सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है, तो दूसरी ओर छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर पुनीत राम सिन्हा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य किसान मोर्चा, भोजराज सिंन्हा मंडल अध्यक्ष महामंत्री द्वय मोहित यादव लंबोदर साहू देवानंद पाथर मंडल उपाध्यक्ष डमरू धर यादव मंडल कोषाध्यक्ष तुलसी निधि मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक नागेश प्रवक्ता जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा गणेशराम यादव जिला मंत्री किसान मोर्चा पुस्तम सिंन्हा मंडल महामंत्री किसान मोर्चा सोहन साहू बुथ अध्यक्ष पदमन नागेश बुथ अध्यक्ष आर डी मानिकपुरी छगनलाल नागेश त्रिलोचन हंसराज भोज सिंह मांझी लोचन कपिल सहित भाजपा के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

